# हिमालय की बेटियाँ

---

Question 1.
कवि ने इस पाठ में दामाद किसे कहा है?
(a) पर्वतों को
(b) वृक्षों को
(c) समुद्र को
(d) आकाश को

▼ Answer

Answer: (c) समुद्र को

---

Question 2.
माँ-बाप में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष
(b) द्विगु
(c) बहुव्रीहि
(d) द्वंद्व

▼ Answer

Answer: (d) द्वंद्व

---

Question 3.
इस पाठ में 'ससुर' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?
(a) लेखक के लिए
(b) हिमालय के लिए
(c) आकाश के लिए
(d) ब्रह्मपुत्र के लिए

▼ Answer

Answer: (b) हिमालय के लिए

---

Question 4.
नागार्जुन ने इस पाठ में नटी किसे कहा है?
(a) प्रकृति को
(b) नदी को
(c) जल धारा को
(d) बर्फ को

▼ Answer

Answer: (a) प्रकृति को

---

Question 5.
कालिदास की किस पुस्तक का वर्णन इस पाठ में है?

(a) अभिज्ञान शाकुंतलम्
(b) ऋतुसंहार
(c) कुमार संभव
(d) मेघदूत

▼ Answer

Answer: (d) मेघदूत

---

Question 6.
नागार्जुन ने किस नदी के लिए बहिन का संबोधन किया?
(a) सतलज
(b) गंगा
(c) यमुना
(d) व्यास

▼ Answer

Answer: (a) सतलज

---

Question 7.
नदियों को लोकमाता किस महापुरुष ने कहा है?
(a) महात्मा गाँधी ने।
(b) काका कालेलकर ने
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने
(d) नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने

▼ Answer

Answer: (b) काका कालेलकर ने

---

Question 8.
हिमालय से इनमें से कौन-सी नदी नहीं निकलती?
(a) गंगा
(b) यमुना
(c) नर्मदा
(d) सतलज

▼ Answer

Answer: (c) नर्मदा

---

Question 9.
लेखक ने हिमालय की बेटियाँ किसे कहा है?
(a) पेड़ की पत्तियों को
(b) हिमालय से उत्पन्न नदियों को
(c) पहाड़ की चोटियों को
(d) पहाड़ी लड़कियों को

▼ Answer

Answer: (b) हिमालय से उत्पन्न नदियों को

---

Question 10.
"हिमालय की बेटियाँ' पाठ के लेखक कौन हैं?
(a) शिवप्रसाद सिंह
(b) महादेवी वर्मा
(c) नागार्जुन
(d) प्रयाग शुक्ल

▼ Answer

Answer: (c) नागार्जुन

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. अभी तक मैंने उन्हें दूर से देखा था। बड़ी गंभीर, शांत, अपने आप में खोई हुई लगती थीं। संभ्रांत महिला की भाँति वे प्रतीत होती थीं। उनके प्रति मेरे दिल में आदर और श्रद्धा के भाव थे। माँ और दादी, मौसी और मामी की गोद की तरह उनकी धारा में डुबकियाँ लगाया करता।

परंतु इस बार जब मैं हिमालय के कंधे पर चढ़ा तो वे कुछ और रूप में सामने थीं। मैं हैरान था कि यही दुबली-पतली गंगा, यही यमुना, यही सतलुज समतल मैदानों में उतरकर विशाल कैसे हो जाती हैं! इनका उछलना और कूदना, खिलखिलाकर लगातार हँसते जाना, इनकी यह भाव-भंगी, इनका यह उल्लास कहाँ गायब हो जाता है मैदान में जाकर? किसी लड़की को जब मैं देखता हूँ, किसी कली पर जब मेरा ध्यान अटक जाता है, तब भी इतना कौतूहल और विस्मय नहीं होता, जितना कि इन बेटियों की बाललीला देखकर!

Question 1.
लेखक यहाँ किसकी बातें कर रहा है?
(a) हिमालय से निकलने वाली नदियों की
(b) पहाड़ी लड़कियों की
(c) किसी महिला की
(d) सर्पाकार रास्तों की

▼ Answer

Answer: (a) हिमालय से निकलने वाली नदियों की

---

Question 2.
मैदान में आकर नदियाँ किस जैसी लगती है?
(a) विकराल रूपा
(b) सर्पाकार
(c) समुद्र की तरह
(d) संभ्रांत महिला की तरह

▼ Answer

Answer: (d) संभ्रांत महिला की तरह

---

Question 3.
हिमालय पर्वत पर पहुँचकर लेखक ने नदियों को किस रूप में देखा?

(a) बहन के
(b) बेटियों के
(c) माँ के
(d) किसी देवी के

▼ Answer

Answer: (b) बेटियों के

---

Question 4.
लेखक ने गंगा के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया है?
(a) पवित्र
(b) अल्हड़
(c) दुबली-पतली
(d) गंभीर एवं शांत

▼ Answer

Answer: (c) दुबली-पतली

---

Question 5.
निम्नलिखित में से कौन-से शब्द 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं हैं?
(a) सुरसरिता
(b) देवनदी
(c) मंदाकिनी
(d) निर्झरी

▼ Answer

Answer: (d) निर्झरी

---

2. कहाँ से भागी जा रही हैं? वह कौन लक्ष्य है जिसने इन्हें बेचैन कर रखा है? अपने महान पिता का विराट प्रेम पाकर भी अगर उनका हृदय अतृप्त ही है तो वह कौन होगा जो इनकी प्यास मिटा सकेगा! बरफ जली नंगी पहाड़ियाँ, छोटे-छोटे पौधों से भरी घाटियाँ, बंधुर अधित्यकाएँ, सरसब्ज उपत्यकाएँ-ऐसा है इनका लीला निकेतन! खेलते-खेलते जब ये ज़रा दूर निकल जाती हैं तो देवदार, चीड़, सरो, चिनार, सफेदा, कैल के जंगलों में पहँचकर शायद इन्हें बीती बातें याद करने का मौका मिल जाता होगा। कौन जाने, बुड्ढा हिमालय अपनी इन नटखट बेटियों के लिए कितना सिर धुनता होगा! बड़ी-बड़ी चोटियों से जाकर पूछिए तो उत्तर में विराट मौन के सिवाय उनके पास और रखा ही क्या है?

Question 1.
नदियों का लक्ष्य कहाँ पहुँचना होता है?
(a) मैदान में
(b) खेतों में
(c) नहरों के द्वारा गाँव-गाँव में
(d) समुद्र में

▼ Answer

Answer: (d) समुद्र में

---

Question 2.
हिमालय की नंगी पहाड़ियों को कैसा बताया गया है?

(a) बर्फ से जली हुई
(b) चमकीली
(c) बर्फ से ढकी हई
(d) घुमावदार

▼ Answer

Answer: (a) बर्फ से जली हुई

---

Question 3.
देवदार, चीड़, सरो, चिनार आदि के जंगलों में पहुँचकर नदियों को बीती बातें याद करने का मौका क्यों मिल जाता है?
(a) क्योंकि वहाँ वातावरण शांत होता है
(b) क्योंकि वहाँ आकर उनकी गति थोड़ा कम हो जाती है
(c) वृक्षों के बीच वातावरण शांत होता है
(d) वहाँ आकर और लोग भी मिल जाते हैं

▼ Answer

Answer: (b) क्योंकि वहाँ आकर उनकी गति थोड़ा कम हो जाती है

---

Question 4.
लेखक ने हिमालय के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया है?
(a) विशाल
(b) बर्फीला
(c) बुड्ढा
(d) ठंडा

▼ Answer

Answer: (c) बुड्ढा

---

Question 5.
'उपत्यकाएँ' शब्द का क्या अर्थ है?
(a) पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि
(b) पहाड़ के पास की भूमि, तराई घाटी
(c) वृक्षों की टहनियाँ
(d) नदी की लहरें

▼ Answer

Answer: (b) पहाड़ के पास की भूमि, तराई घाटी

---

3. जिन्होंने मैदानों में ही इन नदियों को देखा होगा, उनके खयाल में शायद ही यह बात आ सके कि बूढ़े हिमालय की गोद में बच्चियाँ बनकर ये कैसे खेला करती हैं। माँ-बाप की गोद में नंग-धडंग होकर खेलने वाली इन बालिकाओं का रूप पहाड़ी आदमियों के लिए आकर्षक भले न हो, लेकिन मुझे तो ऐसा लुभावना प्रतीत हुआ वह रूप कि हिमालय को समुः दो का दामाद कहने में कुछ भी झिझक नहीं होती है।

सालनासा के विरही यक्ष ने अपने मेघूदत से कहा था-वेत्रवती (बेतवा) नदी को प्रेम का प्रतिदान देते जाना, तुम्हारी यह प्रयसी तुम्हें पाकर अवश्य ही प्रसन्न होगी। यह बात इन चंचल नदियों को देखकर मुझे अचानक याद आ गई और सोचा कि शायद उस महाकवि को भी नदियों का सचेतन रूपक पसंद था। दरअसल जो भी कोई नदियों को पहाड़ी घटियों और समतल आँगनों के मैदानों में जुदा-जुदा शक्लों में देखेगा, वह इसी नतीजे पर पहुँचेगा।

Question 1.
नदियाँ किसकी गोद में बच्चियाँ बनकर खेलती हैं?
(a) हिमालय की
(b) अपने उद्गम स्थल की
(c) शिवजी की
(d) समुद्र की

▼ Answer

Answer: (a) हिमालय की

---

Question 2.
पहाड़ी आदमियों को बालिकाओं का रूप आकर्षक क्यों नहीं लगता?
(a) क्योंकि वे आकर्षक नहीं है
(b) पहाड़ी लोग प्रतिदिन उनके रूप को देखते हैं, अतः उनके लिए वे आकर्षक नहीं रही
(c) पहाड़ी लोग उन्हें बालिका के रूप में देखते हैं
(d) पहाड़ी लोग उन्हें माता के रूप में देखते हैं

▼ Answer

Answer: (b) पहाड़ी लोग प्रतिदिन उनके रूप को देखते हैं, अतः उनके लिए वे आकर्षक नहीं रही

---

Question 3.
लेखक ने हिमालय को किसका ससुर कहाँ है?
(a) वन का
(b) वृक्षों का
(c) समुद्र का
(d) मैदान का

▼ Answer

Answer: (c) समुद्र का

---

Question 4.
कालिदास किस भाषा के कवि थे?
(a) हिन्दी
(b) संस्कृत
(c) मराठी
(d) बंगाली

▼ Answer

Answer: (b) संस्कृत

---

Question 5.
विरही यक्ष ने किसको दूत बनाकर अपनी प्रेमिका के पास भेजा था?
(a) नदी को
(b) मेघ को
(c) पक्षी को
(d) बहते जल को

▼ Answer

Answer: (b) मेघ को

---

4. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता कहा है। किंतु माता बनने से पहले यदि हम इन्हें बेटियों के रूप में देख ले तो क्या हर्ज है? और थोड़ा आगे चाहिए.....इन्हीं में अगर हम प्रेयसी की भावना करें तो कैसे रहेगा? ममता का एक और भी धागा है, जिसे हम इनके साथ जोड़ सकते हैं। बहन का स्थान कितने कवियों ने नदियों को दिया #! एक दिन मेरी भी ऐसी भावना हुई थी। थो-लिङ् (तिब्बत) की बात है। मन उचट गया था, तबीयत ढीली थी। सतलज के किनारे जाकर बैठ गया। दोपहर का समय था। पैर लटका दिए पानी में। थोड़ी ही देर में उसे प्रगतिशील जल ने असर डाला। तन और मन ताज़ा हो गया तो लगा मैं गुनगुनाने-
जय हो सतलज बहन तुम्हारी
लीला अचरज बहन तुम्हारी
हुआ मुदित मन हटा खुमारी
जाऊँ मैं तुम पर बलिहारी
तुम बेटी यह बाप हिमालय
चिंतित पर. चुपचाप हिमालय
प्रकृति नदी के चित्रित पट पर
अनुपम अद्भुत छाप हिमालय
जय हो हिमालय बहन तुम्हारी!

Question 1.
काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?
(a) क्योंकि नदियाँ हम सबको जन्म देती हैं।
(b) क्योंकि नदियाँ लोगों की प्यास बुझाती हैं।
(c) क्योंकि नदियों के जल से अन्न पैदा होता है जिसे खाकर हमारा जीवन चलता है। नदियों का पानी हमारी प्यास बुझाता है।
(d) क्योंकि नदियों से नहरें निकलती हैं।

▼ Answer

Answer: (c) क्योंकि नदियों के जल से अन्न पैदा होता है जिसे खाकर हमारा जीवन चलता है। नदियों का पानी हमारी प्यास बुझाता है।

---

Question 2.
जब लेखक सतजल नदी के किनारे बैठा था तो लेखक ने सतलज को किस रूप में देखा?
(a) नदी के
(b) माँ के
(c) बेटी के
(d) बहन के

▼ Answer

Answer: (d) बहन के

---

Question 3.
नदी में पैर डुबोने से लेखक का मन कैसा हो गया?
(a) उदास
(b) प्रसन्न
(c) वे सोच में पड़ गए
(d) मन में श्रद्धा-भाव उमड़ पड़ा

▼ Answer

Answer: (b) प्रसन्न

---

Question 4.
हिमालय के चिंतित होने का क्या कारण हो सकता है?
(a) अपनी बेटियों के नटखटपन को देखकर
(b) अपनी बेटियों को जवान देखकर
(c) (a) और (b) दोनों कथन सत्य हैं
(d) कोई भी कथन सत्य नहीं है

▼ Answer

Answer: (c) (a) और (b) दोनों कथन सत्य हैं

---

Question 5.
'अनुपम' का अर्थ होगा
(a) अद्‌भुत
(b) सुंदर
(c) बहुमुल्य
(d) जिसकी उपमा न हो

▼ Answer

Answer: (d) जिसकी उपमा न हो

---